भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4163

20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

रेवाड़ी एम्स

4163. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश भर में एम्स में चिकित्सा विभागों की संख्या निर्धारित करने के लिए कोई मानदंड निर्धारित किए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) रेवाड़ी एम्स में आज की तिथि के अनुसार कार्यरत न होने वाले चिकित्सा विभागों के नाम का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेवाड़ी एम्स के लिए खरीदे गए सभी चिकित्सा उपकरण/मशीनरी वर्तमान में उपयोग में लाए जा रहे हैं या आज तक अप्रयुक्त पड़े हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्वीकृत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रेवाड़ी 750 बिस्तरों वाला अस्पताल है, जिसमें (i) सर्जिकल और संबद्ध विशेषज्ञता (ii) चिकित्सा और संबद्ध विशेषज्ञता (iii) 15 सुपर स्पेशियलिटी विभाग (iv) ट्रॉमा और गहन चिकित्सा इकाई तथा गंभीर स्वास्थ्य परिचर्या सहित अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। दिनांक 17.12.2024 की स्थिति के अनुसार परियोजना की वास्तविक प्रगति 5.02% है।

******